# विषय–व्यावहारिक अर्थशास्त्र एवं वाणिज्यिक भूगोल

**Set-C**

**नोट :** सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 1 में दो खण्ड हैं। खण्ड (अ) बहुविकल्पीय प्रश्न तथा खण्ड (ब) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक के लिए 1 अंक आबंटित है।

1. **(खण्ड-अ)** सही विकल्प चुनकर लिखिए–

(i) वस्तु विभाजन की समस्या उत्पन्न होती है–

(अ) वस्तु विनिमय में (ब) मुद्रा विनिमय में

(स) अप्रत्यक्ष विनिमय में (द) इनमें से कोई नहीं

(ii) प्रथम पंचवर्षीय योजना कब समाप्त हुई ?

(अ) 31 मार्च, 1951 (ब) 31 मार्च, 1956

(स) 1 अप्रैल, 1956 (द) 1 अप्रैल, 1951

(iii) असल मजदूरी नगद मजदूरी से ........... :

(अ) अधिक होती है (ब) कम होती है

(स) दोनों बराबर होते हैं (द) इनमें से कोई नहीं

(iv) निम्नलिखित में से अप्रत्यक्ष कर कौन-सा है ?

(अ) आयकर (ब) सम्पत्ति कर

(स) उपहार कर (द) बिक्री कर

(v) घाटे के बजट में :

(अ) आय, व्यय से अधिक होता है

(ब) आय एवं व्यय बराबर होते हैं

(स) व्यय, आय से अधिक होता है

(द) इनमें से कोई नहीं।

1. **(खण्ड-ब)** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(i) जिस बाजार में सामग्री खुले आम नहीं बेची जा सकती, उसे .......... बाजार कहते हैं।

(ii) वितरण में भूमिपति को प्रयोग के बदले ........... दिया जाता है।

(iii) वितरण में ......... का भाग अनिश्चित होता है।

(iv) लोक कल्याणकारी एवं विकासशील देशों के लिए ............. बजट को अच्छा माना जाता है।

(v) वर्तमान में .............. पंचवर्षीय योजना लागू है।

.com

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 2 से 9 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 30 शब्द)

2. क्या दान एवं भेंट विनिमय योग्य हैं ?
3. सहसम्बन्ध से क्या आशय है ?
4. सामान्य मूल्य से क्या आशय है ?
5. अपकिरण के दो उद्देश्य बताइए।
6. आर्थिक नियोजन की परिभाषा दीजिए।
7. गैट का नया नाम क्या है ?
8. नकद फसल के दो उदाहरण दीजिए।
9. पूँजीगत माल उद्योग को उदाहरण सहित समझाइए।

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 10 से 15 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 50 शब्द)

10. विस्तृत खेती के लगान को उपयुक्त तालिका बनाकर समझाइए।
11. "बाजार मूल्य सामान्य मूल्य के चारों ओर चक्कर लगाता है।" समझाइए।
12. कर तथा शुल्क में तीन अन्तर बताइए।
13. माध्य विचलन से क्या आशय है ?
14. नहर द्वारा सिंचाई की तीन हानियाँ लिखिए।
15. भारतीय चीनी उद्योग की दशा सुधारने के तीन उपाय लिखिए।

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 75 शब्द)

16. वास्तविक मजदूरी को प्रभावित करने वाले किन्हीं चार कारकों को समझाइए।

**अथवा**

भारत में ब्याज की दर ऊँची होने के चार कारणों को समझाइए।

17. प्रत्यक्ष कर के चार गुण लिखिए।

**अथवा**

अप्रत्यक्ष कर के चार दोष लिखिए।

18. 7 प्रकार के लिपस्टिक में से दो लड़कियों द्वारा निम्न क्रय किए गए हैं। कोटि विधि द्वारा स्पियरमैन का सहसम्बन्ध गुणांक ज्ञात कीजिए–

| लिपस्टिक | A | B | C | D | E | F | G |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अनिशा | 2 | 1 | 4 | 3 | 5 | 7 | 6 |
| हर्षा | 1 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 |

**अथवा**

निम्न आकड़ों से कार्ल पियर्सन का सहसम्बन्ध गुणांक ज्ञात कीजिए—

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| x | : | 20 | 30 | 40 | 50 | 60 |
| y | : | 15 | 25 | 30 | 40 | 45 |

19. भूमि कटाव के किन्हीं चार दुष्परिणामों को समझाइए।

**अथवा**

भारत की जलवायु का आर्थिक महत्व बताइए।

20. कार्ल पियर्सन के सहसम्बन्ध गुणांक के चार लक्षण लिखिए।

**अथवा**

स्पियरमैन के सहसम्बन्ध गुणांक के चार लक्षण लिखिए।

21. आर्थिक उदारीकरण में अपनाए गए कोई चार उपाए समझाइए।

**अथवा**

'गैट' समझौते से भारत के लिए सम्भावित दोषों को समझाइए (कोई चार)।

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 22 से 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 150 शब्द)

22. निम्न समंकों से चतुर्थक विचलन ज्ञात कीजिए—

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | : | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| आकार | : | 15 | 12 | 9 | 8 | 6 | 14 | 10 |

**अथवा**

निम्न सूचनाओं से प्रथम एवं तृतीय चतुर्थक ज्ञात कीजिए—

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | : | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| आकार | : | 15 | 12 | 9 | 8 | 6 | 14 | 10 |

23. अपूर्ण प्रतियोगिता के कोई पाँच लक्षण बताइए।

**अथवा**

क्या पूर्ण प्रतियोगिता एक कल्पना है? समझाइए।

24. जूट उद्योग पश्चिम बंगाल में केन्द्रित होने के कोई पाँच कारण दीजिए।

**अथवा**

पश्चिम बंगाल में कागज उद्योग के स्थानीयकरण के कोई पाँच कारण दीजिए।

25. कपास के उत्पादन के लिए आवश्यक भौगोलिक दशाओं को लिखिए।

**अथवा**

भारत में सिंचाई के कोई पाँच महत्व लिखिए।

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 250 शब्द)

26. आर्थिक नियोजन की सफलता के लिए आवश्यक तत्वों को समझाइए।

**अथवा**

भारत में पंचवर्षीय योजनाएँ पूर्ण रूप से सफल नहीं हैं। कोई छः कारण दीजिए।

27. वस्तु विनिमय की किन्हीं छः समस्याओं को समझाइए।

**अथवा**

वस्तु की विशेषताएँ बाजार के विस्तार को कैसे प्रभावित करती हैं (कोई छः)?

.com